# बीएचईएल के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक को डिस्टींग्यूशड फैलो अर्वाड से नवाजा गया

नई दिल्ली, 23 अगस्तः श्री बी. प्रसाद राव, अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड को इस्टीटयूट ऑफ डायरेकटर्स (IOD) द्वारा दिये जाने वाला प्रतिष्ठित 'डिस्टींग्यूशड फैलो अर्वाड - 2010' प्रदान किया गया है । यह अवार्ड दिल्ली में आयोजित एक समारोह में केन्द्रीय इस्पात मंत्री, श्री वीरभद्र सिंह द्वारा दिया गया ।

यह अर्वाड प्रतिवर्ष कॉर्पोरेट नेताओं और सरकार के उच्च अधिकारियों को उनके कॉर्पोरेट गर्वनेंस और कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेवारियों के क्षेत्र में असाधारण योगदान हेतु प्रदान किया जाता है ।

आन्ध्र पदेश स्थित जवाहर लाल नेहरू टेक्लोलॉजिकल विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग के स्नातक और मुम्बई के एनआईटीआईई (NITIE) से इडंस्ट्रियल इंजीनियरिंग में स्नातकोतर डिग्री धारक श्री बी. प्रसाद राव वर्ष 1978 में बीएचईएल में नियुक्त हुए । अपने 32 से अधिक वर्षों के वयवसायिक अनुभव में श्री राव ने विभिन्न क्षेत्रों में कार्यों को भलीभांति पूरा किया और इन्हें बीएचईएल के प्रमुख सेगमेंट तथा प्रचालन क्षेत्र में प्रचुर अनुभव है । ये सितम्बर 2007 में बीएचईएल के निदेशक मंडल में निदेशक (औद्योगिक प्रणाली और उत्पाद) के रूप में चुने गये ।

बीएचईएल को एक विश्वस्तरीय इंजीनियरिंग संस्था बनाने में दृढ़ विश्वास रखने वाले श्री राव ने दो कॉर्पोरेट प्लान - स्टेटेजिक प्लान -2007 और स्टेटेजिक प्लान 2012 का नेतृत्व किया जिसके तहत वर्ष 2016-17 तक कम्पनी के कारोबार को 20 मिलियन अमरीकी डॉलर की कम्पनी बनाना है । इस नवीनतम प्लान के परिणामस्वरूप कम्पनी ने क्षमता और सक्षमता दोनों की ओर नीतिगत वृद्धि की है । कम्पनी की विनिर्माण क्षमता को 15000 मेगावाट प्रतिवर्ष से 20000 मेगावाट प्रतिवर्ष करने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए एक लागत रणनीति के साथ 660 मेगावाट और 800 मेगावाट रेटिंग के सुपरक्रिटीकल थर्मल सेट, एडवांस क्लास गैस टरबाइन, बड़े आकार के सीएफबीसी बॉयलरों, बड़ी क्षमता के न्यूक्लियर सेट व एकस्ट्रा हाईवोल्टेज ट्रांसमिशन सिस्टम्स आदि में नयी नकनीकों का प्रयोग कर बीएचईएल, देश की विद्युत मांग को पूरा करने के लिये प्रतिबद्ध है ।

बीएचईएल, बंग्लौर के औद्योगिक प्रणाली समूह में इंडस्ट्रियल इंजीनियर के रूप में अपना कैरियर शुरू करने वाले श्री राव ने बीएचईएल, बंगलौर में योजना कार्यक्रमों की शुरूआत की और बीएचईएल में इलेक्ट्रोनिक्स व उद्योग क्षेत्र के संचालन का श्रेय इन्हीं को जाता है । बाद में इन्होंने इलेक्ट्रोनिक डिवीजन की भिन्न-भिन्न पहलों की शुरूआत कर भारत सरकार के रक्षा विभाग के लिए सिमूलेटर्स के क्षेत्र में प्रवेश किया । ये, योजना एवं विकास गतिविधियों के अलावा बीएचईएल की 14वीं विनिर्माण ईकाई, इलेक्ट्रोनिक्स प्रणाली डिवीजन की स्थापना में भी सहायक रहे । बाद में ये बीएचईएल की हैदराबाद स्थित स्टीम टरबाइन, गैस टरबाइन और कैम्प्रेसर्स की विनिर्माण इकाई हेवी पावर इक्विपमेंट प्लांट में इंचार्ज के रूप में नियुक्त हुए । इसके अलावा ये अपनी वर्तमान जिम्मेवारियों के साथ-साथ बीएचईएल की सबसडरी बीएचपीवी के अध्यक्ष भी हैं ।

श्री राव ने स्टडी ग्रुप ऑफ वर्ल्ड इनर्जी काउंसिल के डेवलोपिंग इनर्जी सिनेरियोज टू 2050 में भारत का प्रतिनिधित्व किया । ये सीआईआई कैपीटल गुडस कमेटी और फिक्की कैपीटल गुडस कमेटी के सदस्य हैं और बीएचईएल के नीतिगत मामलों से संबंधित विभिन्न औद्योगिक एवं सरकारी संस्थाओं के साथ सक्रिय है। श्री राव, त्रिपोली की इलेक्ट्रिकल कंस्ट्रक्शन कम्पनी (ECCO) की जनरल एसेम्बली के सदस्य है और भोपाल स्थित बोर्ड

ऑफ इंस्टीटीयूट ऑफ इंडस्ट्रियल मैंनेजमेंट के सलाहकार भी हैं । ये वर्ष 2009 में सीआजीआरई (CIGRE) के उप अध्यक्ष चुने गये थे । ये इंस्टीटयूट ऑफ इंजीनियर्स के फैलो भी है ।